बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

मंगलवार तिथि, १२ अप्रील १९६०।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में मंगलवार तिथि १२ अप्रील १९६० को अपराह्न ११ बजे अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर।

## Short Notice Questions and Answers.

PROVINCIALISATION OF ROAD.

**190. Shri SHAKOOR AHMAD :** Will the P. W. D. Minister be pleased to state—

(1) whether there is a District Board road running from Harlakhi P.-S. to Khajauli P.-S. *via* Narar Kothi in Darbhanga district;

(2) whether it is an important road and its provincialisation will benefit the headquarters of Harlakhi Police-Station, Umgaon N. E. S. Block, Basopathi, N. E. S. Block, Khajauli Anchal and Khajauli Police-Station besides connecting these places with the main Jaynagar-Madhubani and Jaynagar-Darbhanga roads ;

(3) if the answers to the above clauses be in the affirmative, do Government propose to provincialise these roads ; if so, by what time, if not, why ?

*श्री सहदेव महतो—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(३) सड़कों का प्रांतीयकरण का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है जिस पर अभी सरकार का निर्णय नहीं हुआ है। यह कहना अभी संभव नहीं है कि यह सड़क सुधार के लिये ली जायगी या नहीं।

(४) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जल्द-से-जल्द फतुहा में पुनपुन नदी के पुल को मरम्मत करवाने का विचार करती है, यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री सहदेव महतो—(१) मार्च, १९५९ में यह पुल कुछ क्षतिग्रस्त हो गया था पर अभी भी तीन टन वजन के लिये कोई खतरा नहीं है ।

(२) ट्राफिक चलने से पुल में थोड़ा-सा कम्पन होता है, लेकिन इससे कोई खतरा नहीं है ।

(३) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(४) भारत सरकार ने इस पुल की मरम्मत के लिये ६६,४०० रुपये का अनुदान दिया है । मरम्मती का काम चालू है और जून के पहले सप्ताह तक पूरा होने की आशा है । पूर्ण मरम्मती के लिये कुछ दिनों के बाद पुल को बन्द कर दिया जायेगा और ट्राफिक एक लकड़ी के पुल से जो बन रहा है, पास करेगा । पूर्ण मरम्मती के बाद ट्राफिक फिर इस पुल से पास करेगा । इस पुल के पुनर्निर्माण के लिये भी भारत सरकार से पत्राचार हो रहा है ।

श्री केशव प्रसाद—क्या बरसात शुरू होने के पहले मरम्मती का काम पूरा हो जायेगा ?

श्री सहदेव महतो—जून के पहले सप्ताह में पूरा हो जाने की आशा की जा रही है ।

---

आदापुर अस्पताल में विशेष दवा की व्यवस्था ।

१६६३ । श्री ब्रजनन्दन शर्मा—क्या मंत्री, स्थानीय स्व-शासन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिला बोर्ड के आदापुर अस्पताल में दवायें आवश्यकता भर नहीं मिलती हैं ;

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल नेपाल की सीमा के पास है और उक्त इलाकों में मलेरिया, कालाज्वर, निमोनिया, फाइलेरिया, टायफायड और कमला रोग अधिक होते हैं ;

(३) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल से नेपाल सीमा में रहने वाले लोगों को भी दवा मिलती है;

(४) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेष रूप से दवा देने का विचार रखती है ?

श्री सहदेव महतो—(१) जिला पर्षद्, चंपारण, ४०० रूपये अदापुर अस्पताल को औषधियों के लिये देता है।

(२) और (३) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(४) जिला पर्षद् चंपारण आर्थिक कठिनाइयों के कारण तथा पर्षद् के आय-व्ययक में उपबंधित राशि के अतिरिक्त अधिक अनुदान उक्त अस्पताल को देने में अभी असमर्थ है।

---

## सड़क का पुर्ननिर्माण।

१६७२। श्री हरिहर महतो—क्या मंत्री, स्थानीय स्व-शासन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिले के बेगूसराय सबडिवीजन-स्थित तेघड़ा थाने में कोरिया-नवलगढ़ सड़क (जो मुंगेर जिला पर्षद् की है) सिकरौहला, मुजफरा, और डीह इत्यादि ग्राम होकर जाती है;

(२) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सड़क का बहुत भाग कई स्थानों पर जलमार्ग विभाग द्वारा रोसड़ा-नीमा बांध के अन्दर ले लिया गया है जिसके फलस्वरूप सड़क बेकार हो गयी है और लोगों के आवागमन का मार्ग बन्द-सा हो गया है;

(३) यदि खंड (१) और (२) के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस सड़क का शीघ्र पुर्ननिर्माण करने को सोचती है, यदि हां, तो कब तक?

श्री सहदेव महतो—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है, परन्तु बोर्ड द्वारा बगल से रास्ता निकाल दिया गया है जो सूखे मौसम में चालू रहती है।

(३) वित्तीय कठिनाई के कारण सरकार के लिये सड़क को पुर्ननिर्माण करवाना अभी संभव नहीं है।

श्री हरिहर महतो—मैं जानना चाहता हूं कि एरिगेशन डिपार्टमेंट ने जो जमीन ले ली है उसका मुआवजा जिला बोर्ड को दिया है या नहीं?

अध्यक्ष—प्रश्न में तो ऐसी बात नहीं है?

श्री हरिहर महतो—जितनी जमीन इन्क्रोच की गयी है, उसका पैसा तो एरिगेशन डिपार्टमेंट को देना होगा।

अध्यक्ष—प्रश्न में इसके बारे में कुछ नहीं है, इसलिए आपको इसका जवाब नहीं मिलेगा।